NEW ERA PUBLIC SCHOOL RAJBAGH

SOLVED ASSIGNMENT OF TERM-II 2021

CLASS : Ist

SUBJECT : HINDI 

## पाठ - 11
## आलू - कचालू

शब्द ज्ञान

1. दो - दो हाथ - लड़ाई होना
2. चाव से - इच्छा से ।
3. मसला - मामला ।

मौखिक प्रश्न

क. आलू - कचालू किस बात को लेकर झगड़ रहे थे ?
उत्तर- आलू - कचालू मैं हूँ राजा को लेकर झगड़ रहे थे।

ख. आपको दोनों में से क्या अच्छा लगता है ?
उत्तर- मुझे दोनों ही अच्छे लगते हैं ।

ग. सब्जियों का राजा कौन होता है ?
उत्तर- सब्ज़ियों का राजा आलू होता है ।

घ. फलों का राजा कौन होता है ?
उत्तर- फलों का राजा आम होता है ।

लिखित प्रश्न

क. रास्ते में दोनों को कौन मिला और उसने क्या कहा?

उत्तर- रास्ते में दोनों को भालू मिला और उसने यह कहा अपनी बताओ और झगड़े को सुलझाओ।

ख. कचालू ने भालू को क्या बताया?

उत्तर- कचालू ने भालू को बताया कि मिट्टी में मी उगता हूँ, आलू जैसा दिखता हूँ। लोग नींबू डाल कर मेरी चाट बनाते है।

ग. आपकी माताजी आलू से क्या-क्या बनाती हैं? आपको उनमें से सबसे अच्छा क्या लगता है?

उत्तर- मेरी माताजी आलू से सैंडविच, और टिक्की बनाती है। मुझे उनमें सैंडविच अच्छा लगता है।

घ. आपको कौन-कौन सी सब्जिया अच्छी लगती हैं?

उत्तर- मुझे आलू, बैंगन, साग, कचालू अच्छी लगती है।

२. खाली स्थान भरो :-

1. आलू - कचालू निकले साथ।

2. आलू बोला, "मैं हूँ राजा।

3. मिल गया रास्ते में मोटा भालू।

Scanned with CamScanner

घ. झगड़े का मसला सुलझाओ।

ङ. मेरी लोग हैं चाट बनाते।

३. नीचे दी गई सब्जियाँ कहाँ उगती हैं (जमीन के नीचे / पौधे पर / बेल पर)

क. आलू - ज़मीन के नीचे
ख. बैंगन - पौधे पर
ग. टमाटर - पौधे पर
घ. लौकी - बेल पर
ङ. मटर - बेल पर
च. भिंडी - पौधे पर
छ. करेला - बेल पर
ज. रामफल - बेल पर
झ. गोभी - ज़मीन के नीचे
ञ. अरबी - ज़मीन के नीचे

४. वाक्य पूरे करो -
क. कचालू बोला "मिट्टी में भी उगता हूँ आलू जैसा ही दिखता हूँ।
ख. मेरी लोग हैं चाट बनाते, नीबू डाल उसे हैं खाते।

वाक्य बनाओ -

1. राजा - शेर जंगल का राजा है।

2. झगड़ा - हमें किसी के साथ झगड़ा नही करना चाहिए।

3. मसला - हमें सोच-समझ कर झगड़ा का मसला सुलझाना चाहिए।

4. चाव - वह दोनों बड़े चाव से आम खा रहे थे।

---

पाठ - 12

शैतान बंदर

1. मौखिक प्रश्न

क. चिंपू और कालू कौन थे ?

उत्तर- चिंपू और कालू दोनों दोस्त थे।

ख. दोनों ने क्या देखा ?

उत्तर - दोनों ने देखा दो बंदर लड़ाई कर रहे थे।

2. लिखित प्रश्न

क. चिंपू क्यों चिल्ला रहा था ?

उत्तर चिंपू इसलिए चिल्ला रहा था क्योंकि जैसे ही कमज़ोर बंदर पीछे हुआ उसकी छड़ी ज़ोर से जाकर चिंपू को लगी जो पास में खड़ा था।

Scanned with CamScanner

ख. चिंपू क्या सोचने लगा ?
उत्तर- चिंपू यह सोचने लगा "अगर मैंने कालू की बात मान ली होती तो ऐसा न होता।"

२. खाली स्थान भरो :-

1. चिंपू बंदर बहुत शैतान था ।

2. कालू कौआ समझदार था ।

3. एक बंदर बहुत कमज़ोर था ।

4. चिंपू और कालू ने देखा दो बंदर लड़ाई कर रहे थे ।

पाठ - 13
दो मेंढक

लिखित प्रश्न :-

क. दूध से भरी मटकी में कौन गिर गए ?
उत्तर- दूध से भरी मटकी में दो मेंढक गिर गए।

ख. मेंढक के लगातार तैरते रहने से दूध किस में बदल गया ?

उत्तर- मेंढक के लगातार तैरते रहने से दूध मक्खन में बदल गया।

ग. इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है।
उत्तर- इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है।
"जहाँ चाह, वहाँ राह।"

२. खाली स्थान भरो:-

1. दो मेंढक दूध से भरी मटकी में गिर गए।

२. दोनों मेंढक मटकी में गोल-गोल घूमकर बाहर आने की कोशिश कर रहे थे।

3. "मैं तो बुरी तरह से थक गया हूँ।

4. जहाँ चाह, वहा राह।

3. रिश्ते पहचाने:-

| | |
|---|---|
| 1. मेरे पिताजी के पिताजी | वह मेरे दादा जी हैं। |
| २. मेरे पिताजी की माताजी | वह मेरी दादी जी हैं। |
| 3. मेरे माता-पिता जी की पुत्री | वह मेरी बहन हैं। |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| 4. मेरे पिताजी की पत्नी | वह मेरी माँ है। |
| 5. मेरे पिताजी का भाई | वह मेरे चाचा जी हैं। |
| 6. मेरे पिताजी की बहन | वह मेरी बुआ हैं। |
| 7. मेरे चाचाजी की पत्नी | वह मेरी चाची हैं। |
| 8. मेरे चाचाजी के बच्चे | वह मेरे भाई बहन हैं। |

( हिन्दी व्याकरण )

निबंध

## हमारा राष्ट्रीय ध्वज

1. हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारा तिरंगा है।
2. इसका ऊपर वाला केसरी रंग सादगी का प्रतीक है।
3. इसका सफेद रंग शांति का प्रतीक है।
4. हरा रंग यहाँ की हरी-भरी धरती और खुशी

का प्रतीक है।

5. हमारे ध्वज के बीच वाले हिस्से पर अशोक चक्र बना हुआ है।

6. राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना हमारा धर्म है।

7. हर भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए।

8. यह हमारे देश की इज्जत है।

9. हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की शान है।

10. राष्ट्रीय ध्वज का अपमान पूरे देश का अपमान है।

प्रधानाचार्य को एक हफ्ते की छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र लिखें।

प्रधानाचार्य जी,
न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल,
राजबाग (श्रीनगर)
दिनांक ..........

महोदय,

निवेदन यह है कि आज मुझे जरूरी काम से परिवार के साथ जम्मू जाना पड रहा है। इसलिए मैं एक हफ्ते तक स्कूल नहीं आ सकता / सकती। कृप्या मुझे 20 - 27 सितंबर तक अवकाश देने की कृपा करें।

आपका / आपकी आज्ञाकारी शिष्य / शिष्या

..........

कक्षा :- पहली
अनुक्रमांक :- ......

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- सर्वनाम किसे कहते है ?

उत्तर :- जिन शब्दों को संज्ञा के स्थान पर प्रयोग में लाया जाता है, वे 'सर्वनाम' कहलाते है। जैसे: वह, वे, यह, ये, इसने, इन्हें, उन्हें, इन्होंने, उसने, उन्होने, तू, तुम, तुम्हे, आप, मैं, हम, हमे हमारा आदि।

## लिंग बदलो (16-27)

| | |
|---|---|
| 16. रीछ | रीछनी |
| 17 मजदूर | मज़दूरनी |
| 18. हंस | हंसनी |
| 19. मास्टर | मास्टरनी |
| 20. ऊँट | ऊँटनी |
| 21. सिंह | सिंहनी |
| 22. देवर | देवरानी |
| 23. नौकर | नौकरानी |
| 24. मेहतर | मेहतरानी |
| 25. सेठ | सेठानी |
| 26. इंद्र | इंद्राणी |
| 27. भव | भवानी |

# वचन बदलो (19-30)

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| 19. छात्रा | छात्राएँ |
| 20. कविता | कविताएँ |
| 21. शाखा | शाखाएँ |
| 22. कला | कलाएँ |
| 23. शिला | शिलाएँ |
| 24. मक्खी | मक्खियाँ |
| 25. तितली | तितलियाँ |
| 26. विधि | विधियाँ |
| 27. घड़ी | घड़ियाँ |
| 28. धोती | धोतियाँ |
| 29. मछली | मछलियाँ |
| 30. बस्ती | बस्तियाँ |

Scanned with CamScanner

# विलोम शब्द (10-15)

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| 10. सज्जन | दुर्जन |
| 11. कठिन | सरल |
| 12. पक्ष | विपक्ष |
| 13. बंधन | मुक्ति |
| 14. सरस | नीरस |
| 15. उदय | अस्त |